सार-समाचार

फलोदी में परशुराम का जन्मोत्सव मनाया

फलोदी, (निसं)। परशुराम जन्मोत्सव समिति फलोदी के तत्वावधान में युगपुरुष भगवान परशुराम का जन्मोत्सव रविवार, 19 अप्रैल को फलोदी शहर में बडे ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में भव्य और विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकडों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और पूरे शहर में धार्मिक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम से पूर्व समिति के सदस्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क किया गया। समाज के जनेऊधारी ब्राह्मणों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया। समिति के नरेश व्यास ने बताया कि समाज के सभी लोगों ने अपने-अपने कार्यों को छोडकर इस आयोजन में भाग लिया, जो समाज की एकजुटता और शक्ति का प्रतीक है। शोभायात्रा प्रात: 9 बजे सीनियर स्कूल के खेल मैदान से शुरू हुई। यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें जय नारायण व्यास सर्कल, जवाहर प्याऊ, भैया नदी और लटियाल मंदिर जैसे मुख्य स्थान शामिल रहे। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, वहीं ढोल-नगाडों और भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए। यात्रा का समापन लटियाल पूरा स्कूल स्थित फलां देवी मंदिर प्रांगण में हुआ, जहां धार्मिक कार्यक्रम और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया। इस दौरान पीसीसी सचिव महेश व्यास की टीम ने शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और संगठन को मजबूत करते हैं। साथ ही, यह आयोजन समाज की सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी को भी दर्शाता है। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शोभा यात्रा में पुष्करणा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष नरेश व्यास,बृजमोहन बेणावत,अशोक पालीवाल, जगदीश पालीवाल सहित शोभा यात्रा सदस्य समिति का मुख्य रूप से सहयोग रहा।

पुनासा की डिम्पल कंवर आर.ए.एस. बनी

भीनमाल, (निसं)। मेहनत, लगन और मजबूत इरादों से हर सपना सच हो सकता है। इस बात को पुनासा गांव की निवासी डिम्पल कंवर राठौड ने साबित कर दिखाया है। एक साधारण किसान परिवार से निकलकर उन्होंने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) में चयन हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित आरएएस परीक्षा परिणाम में डिम्पल कंवर ने 589 वीं रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। जैसे ही यह खबर गांव पहुंची, पुनासा सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड गई और बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। अपनी सफलता का श्रेय डिम्पल कंवर ने निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ संकल्प को देते हुए अपने माता-पिता का आभार जताया। उनके पिता गोदसिंह राठौड एक मेहनती किसान हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने का संकल्प लिया। यही संकल्प आज उनकी सफलता में झलकता है। परिवार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उनकी बडी बहन मदन कंवर राठौड पहले से ही द्वितीय श्रेणी शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। डिम्पल कंवर की इस उपलब्धि ने क्षेत्र की बेटियों के लिए नई प्रेरणा प्रस्तुत की है। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर भाजपा नेता रमेश सोनी पुनासा उनके निवास पर पहुंचे और उन्हें हार्दिक बधाई दी। पूरे गांव में खुशी का माहौल रहा, मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया गया। रमेश सोनी ने बताया कि गांव की बेटी का आरएएस बनना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और यह सफलता अन्य युवाओं, खासकर बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने डिम्पल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे आगे भी गांव व समाज का नाम रोशन करेंगी।

भैंरूतारक धाम रोड क्षतिग्रस्त

रेवदर, (निसं)। निकटवर्ती अनादरा कस्बे से भैररूतारक धाम जाने वाले सडक मार्ग पर जगह जगह बने गड्ढे वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है। गड्ढों से दुर्घटनाएं भी हो रही है। जानकारी के अनुसार भैररूतारक धाम जाने वाले सडक मार्ग पर नयी सडक बनाए कुछ साल ही हुए है। लेकिन सडक मार्ग पर जगह जगह बडे बडे गड्ढे बन गये हैं जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड रही है। बाईक चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे है। हाल में ठेकेदार ने गड्ढों की मरम्मत की थी, वह भी आधी जगह की और आधी जगह नहीं की थी। जहां मरम्मत की थी वहां खाली लिपापोती की थी। वहां से डामर उखड गया है। हाल में पुरे सडक मार्ग पर जगह जगह गड्ढे बने हुए है। लोगों ने सडक मार्ग पर बने गड्ढे शीघ्र ठीक करने की मांग जिला कलेक्टर से की है। उधर इस मार्ग के बीच कुछ जगह आबादी वाले क्षेत्र है वहाँ ठेकेदार को कहने पर भी गति अवरोधक नहीं बनाए जिससे क ई बार दुर्घटना हुई है और आगे भी दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। लोगों ने गति अवरोधक भी बनवाने की मांग की है। गति अवरोधक नहीं होने से वाहन चालक तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाते। इसी तरह करोडीध्वज मंदिर सडक मार्ग पर भी जगह जगह गड्ढे बन गये जिससे वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड रही है। लोगों ने इस सडक मार्ग की भी मरम्मत कराने की मांग की है।

शोभायात्रा का हुआ पुष्प वर्षा से स्वागत

पाली, (नि.सं.) सर्व विप्र समाज की ओर से भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर बाइसी बगीची से सुबह 10 बजे बैंड बाजा के साथ भगवान परशुराम के जयकारों के साथ शोभायात्रा आरती के बाद शुरू हुई। जिसमें करीब 25 झांकियां में परशुराम के जीवन को चरितार्थ करती झांकियां राम दरबार, नवदुर्गा, ब्रह्मा विष्णु महेश की झांकी शामिल थी। वहीं सभी ब्राह्मण समाज के लोग सफेद कपड़े पहने गले में केसरिया दुपट्टा डालें भगवान परशुराम के जयकारे लगाते चल रहे थे। वहीं महिला भी गले में दुपट्टा डाले जयकारे लगा रही थी।शोभा यात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा के साथ शीतल जल, छाछ, आइसक्रीम खिलाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा गांधी मूर्ति, अंबेडकर सर्किल सूरजपाल सोमनाथ रोड, सराफा बाजार चेतना रेस्टोरेंट भेरू घाट होते हुए वापस बाइसी बगीचे पहुंच समाप्त हुई। शोभायात्रा में संयोजक जय शंकर त्रिवेदी, एडवोकेट पी एम जोशी हीरालाल व्यास, प्रदीप दवे, नरपत दवे, ओमप्रकाश दायमा, नरेश पांडे, दयाशंकर मिश्र, दिनेश दवे, हरबंस दवे नरपत दवे, सहित सहित समस्त ब्राह्मण समाज के लोग शामिल रहे। सम्मान समारोह के साथ प्रसादी का भी आयोजन हुआ।

अक्षय तृतीया पर धार्मिक कार्यक्रम हुए

जोधपुर, (कासं)। वैशाख शुक्ल तृतीया के पावन अवसर पर रविवार को अक्षय तृतीया मनाई गई। पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और मंदिरों में विशेष दर्शन का क्रम दिन भर चला। अनेक घरों में खींच गलवानी का भोजन बनाया गया। आज सुबह 10.50 बजे शुरू हुई तृतीया 20 अप्रैल को सुबह 7.28 बजे तक रहेगी। लगभग 20 घंटे 38 मिनट के इस अवधि में सर्वार्थ सिद्धि, रवि योग, शोभन योग, गजकेसरी योग और मालव्य राजयोग सहित कुल 10 शुभ संयोग बन रहे हैं। इन दुर्लभ योगों के चलते शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इसे अबूझ मुहूर्त मानते हुए बड़े स्तर पर आयोजन किए जा रहे हैं। अनुमान है कि इस दौरान पांच सौ से अधिक विवाह समारोह संपन्न होंगे। 20 अप्रैल, सोमवार को शादियों की खास धूम रहेगी। तृतीया तिथि दो दिनों में पडने के कारण आमजन में तिथियों को लेकर कुछ असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि कल 20 अप्रैल को विवाह, यज्ञोपवीत संस्कार और सामूहिक मांगलिक कार्यक्रम होंगे।

सैयद अजमत अली चुनाव अधिकारी बने

भीनमाल, (निसं)। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान चुनाव 22 अप्रैल को होने जा रहे है। इस चुनाव में राजस्थान भर से कुल 234 अधिवक्ता प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। भीनमाल के वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद अजमत अली को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनाव सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा, जिसमें 192 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चुनाव के जरिए 23 सदस्यों का चयन किया जाएगा, जिनमें 4 महिला सदस्य चुनना अनिवार्य है। चुनाव की पारदर्शिता के लिए उपखंड अधिकारी भीनमाल को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

डॉ. ललित व डॉ. हेमकंवर पदनामित

जोधपुर, (कासं)। चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप-1) विभाग के उप शासन सचिव शिव शंकर अग्रवाल ने आदेश जारी किया। आदेशानुसार जोधपुर मेडिकल कॉलेज के सह आचार्य सर्जरी, डॉ ललित किशोर को आचार्य सर्जरी तथा सहायक आचार्य, एनाटॉमी डॉ हेमकंवर जोया को सह आचार्य, एनाटॉमी में को उनकी स्वयं की वेतन श्रृंखला में पातेय वेतन पर तुरंत प्रभाव से पदनामित किया गय है।

परशुराम जन्मोत्सव पर वाहन रैली निकाली, महाआरती की

जालोर, (कासं)। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में विप्र फाउण्डेशन युवा मोर्चा जालोर की ओर से रविवार को विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया। वही इसके बाद विजय पैराडाईज होटल में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के साथ 108 दीपक की महाआरती की गई।

जालोर में भगवान परशुराम जयंती को लेकर विप्र फाउंडेशन की ओर से प्रात आठ बजे वाहन रैली जबरनाथ महादेव मंदिर सूरज पोल से निकाली गई। रैली में युवा दुपाहिया वाहन पर भगवान परशुराम के जयकारे लगा रहे थे। वही रैली में भगवान परशुराम की तस्वीर के समक्ष भक्तो ने अपनी आस्था प्रकट की। रैली में युवा साफ ड्रेस व केसरिया साफा पहने नजर आये। वही वाहन रैली का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

रैली सूरजपोल से शुरू होकर शहर के विभिन्न स्थानों से होती हुई विजय इंडियन पैराडाइज में समाप्त हुई। जहाँ भगवान परशुराम की पूजा अर्चना एवं 108 दीपक की महा आरती के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में ब्रह्मचार्य तीर्थानंद महाराज शंकराचार्य मठ खांडा देवल(द्वारका) का सानिध्य प्राप्त हुआ। वही कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए भगवान परशुराम का स्मरण करने एवं उनके बताये रास्ते पर चलने की नसीहत दी। वहीं मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय जालोर अंकित दवे, नैन सिंह राजपुरोहित,सुरेंद्र दवे,अनिल शर्मा,पावन दाधीच रहे। समापन समारोह में हंसमुख नागर, चारुल शर्मा, लक्ष्मीकांत दवे, हीनल व्यास, योगेश दवे, डॉ.पवन ओझा,महेश भट्ट, दिलीप भट्ट, मनीष व्यास,कमलेश बोहरा, चंद्रेश वैष्णव सहित समस्त विप्र बंधु उपस्थित रहे।

सायला संवाददाता के अनुसार : सायला स्थित रिद्धि सिद्धि गणपति मंदिर में विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोचार के साथ गणपति पूजन से हुआ। इस दौरान पंडित गणपतलाल दवे एवं नरेन्द्र त्रिवेदी ने विधिवत पूजन कर शान्ति हवन करवाया। इस दौरान हवन मे आहुति देकर देश मे शान्ति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान भगवान परशुराम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हुआ। जन्मोत्सव को लेकर शहर मे स्थित गोशाला में गौ माता को गुड खिलाकर गौसेवा की एवं स्थानीय अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। वही विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, जिनका जन्म महर्षि जमदग्नि और माता रेणुका के घर हुआ। वे चिरंजीवी, पराक्रमी और धर्म रक्षक योद्धा के रूप में पूजे जाते हैं। उन्होंने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध 21 बार दुष्टो का संहार कर धर्म की स्थापना की। वे शस्त्र (फरसा) और शास्त्र दोनों के अद्वितीय ज्ञाता थे तथा भगवान शिव के परम भक्त रहे। उनके द्वारा भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण जैसे महान योद्धाओं को दी गई शिक्षा उनके ज्ञान और सामर्थ्य का प्रमाण है। विप्र फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित व महामंत्री जबर सिंह ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने, धर्म की रक्षा करने व समाज के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। इस दौरान काफी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आरएएस सफलता का जश्न, लेकिन जिम्मेदारी की असली परीक्षा अब : खीमसिंह

जालोर, (कासं)। आरएएस के परिणाम घोषित होते ही प्रदेशभर में खुशी की लहर दौड गई है। सफल अभ्यर्थियों के घरों में जश्न का माहौल है-परिजन, मित्र और रिश्तेदार गर्व से झूम रहे हैं।

जालोर जिले के बागरा विद्यालय में कार्यरत खीमसिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर बधाइयों का सिलसिला जारी है। कोचिंग संस्थान अपनी सफलता का श्रेय ले रहे हैं, तो विभिन्न सामाजिक समूह भी इसे अपनी उपलब्धि के रूप में देख रहे हैं। यह जश्न वाजिब भी है, क्योंकि आरएएस राज्य की सबसे प्रतिष्ठित और प्रभावशाली सेवाओं में से एक मानी जाती है। इसे हासिल करना केवल मेहनत नहीं, बल्कि उच्च स्तर की प्रतिभा, समर्पण और धैर्य का परिणाम होता है। वर्षों की साधना के बाद मिली यह सफलता न केवल अभ्यर्थियों, बल्कि उनके परिवारों के सपनों को भी साकार करती है। कहा जाता है-सफलता सार्वजनिक उत्सव होती है, जबकि असफलता व्यक्तिगत संघर्ष।

आज जिन युवाओं ने यह मुकाम हासिल किया है, उन्होंने अपने सपनों को साकार कर दिखाया है। लेकिन इस सफलता के साथ एक गंभीर सवाल भी जुडा है-क्या यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत गौरव तक सीमित रहेगी, या समाज और व्यवस्था के सुधार में भी योगदान देगी?

सिंह ने कहा कि हाल के वर्षों में कुछ ऐसे मामले सामने आए हैं, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित सेवा की छवि पर सवाल खडे किए हैं। इंटरव्यू में आदर्शवाद और नैतिकता की बात करने वाले कुछ अधिकारी, फील्ड में पहुंचते ही अपने सिद्धांतों से भटक जाते हैं। भ्रष्टाचार के मामलों में संलिप्तता, रिश्वतखोरी और गलत कार्यों के आरोप सामने आने से आमजन का भरोसा डगमगाता है।

खीमसिंह ने कहा कि जालोर जिले की सायला तहसील में करोडों की फर्जी रजिस्ट्री का मामला हो या अन्य स्थानों पर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई-ऐसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि सिस्टम में अभी भी सुधार की बडी जरूरत है।

हालांकि, यह भी सच है कि सभी अधिकारी ऐसे नहीं होते। कई ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी अपनी सेवाओं से सिस्टम को मजबूत और जनहितकारी बना रहे हैं। डिजिटल तकनीकों के बढते उपयोग के साथ प्रशासनिक प्रक्रियाओं को तेज और पारदर्शी बनाना समय की मांग है।

बालोतरा में रिफाइनरी के कार्यक्रम का निमंत्रण दिया

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा में आयोजित भगवान परशुराम जयंती महोत्सव ब्राह्मण महासभा एवं श्री खेतेश्वर जयंती के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड सम्मिलित हुए।

भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी राजेश पुरी ने बताया कि बालोतरा ब्राह्मण महासभा के कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने आगामी 21 अप्रैल रिफाइनरी उद्घाटन एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री सभा को संबोधित करेंगे। इसी के निमित्त सभी बालोतरा क्षेत्र के ब्राह्मण महासभा को निमंत्रण दिया। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जो की ब्राह्मण है और उनकी अगुवाई में भव्य समारोह आयोजित होने जा रहा है। रिफाइनरी उद्घाटन कार्यक्रम में आप सभी महिला बुजुर्ग एवं युवा शक्ति को सम्मिलित होना अनिवार्य है। सभी को इस कार्यक्रम सफल बनाने की मुख्यमंत्री का संदेश दिया गया। ज्यादा से ज्यादा लोगों को आने का निमंत्रण दिया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के महामंत्री भूपेंद्र सैनी मुकेश मीणा विधायक अरुण चौधरी भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष भरत मोदी गणपत बांठिया हरिचंद्रुसिंह जसोल किशोर सिंह कानोड गोविंद सिंह कालूडी भाजपा के वरिष्ठ नेता महंत निर्मल दास रमेश त्रिवेदी भवानी शंकर गॉड अशोक शर्मा महेंद्र गॉड गोपाराम पालीवाल अशोक पालीवाल सियाराम शर्मा सत्यनारायण गॉड कपिल दवे समस्त ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे

भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी राजेश पुरी ने बताया कि आज रविवार लघु उद्योग मंडल बालोतरा में समस्त व्यापारियों उद्योग को संचालित करने वाले उद्योगपतियों की बैठक में सम्मिलित हुए सीईटीपी ट्रस्ट मंडल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड का भव्य स्वागत रखा गया। प्रदेश अध्यक्ष का उद्योग मंडल की तरफ से साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के मुखिया प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि आपकी नगरी बालोतरा के पास बनने वाली रिफाइनरी पूर्व भाजपा सरकार एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राज की देन है। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने सभी व्यापारियों को नरेंद्र मोदी की 21 अप्रैल की सभा आने का निमंत्रण दिया और कहा कि बालोतरा उद्योग की समस्या का निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हमेशा चिंतित रहते हैं एवं बालोतरा इंडस्ट्रीज की कोई प्रकार की समस्या का जल्द से जल्द जल्द निस्तारण का प्रयास करवाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अवगत करवा दिया जाएगा

राठौड ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं केंद्र की सरकार की योजनाओं में एक यह भी है आत्मनिर्भर भारत देश के निर्माता उद्योग वस्तुओं को बढावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। देश के विकास में भारत देश की निर्मित वस्तु हो या कपड़ा व्यापार हो देश के विकास में विकासशील साबित हुआ है। इसी के साथ इंडस्ट्रीज के निमित्त बालोतरा पाली जोधपुर इंडस्ट्रीज के लिए हमेशा भारतीय जनता पार्टी भारतीय जनता पार्टी की सरकारे साथ रही है और रहेगी। उन्होंने सभी व्यापारियों को आव्हान किया अपने एक दिवसीय अवकाश रखकर 21 अप्रैल को पचपदरा रिफाइनरी लोकार्पण व देश के प्रधानमंत्री की सभा को अधिक से अधिक लाने के लिए निमंत्रण दिया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के महामंत्री भूपेंद्र सैनी, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष भरत मोदी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किशोर सिंह कानोड, गणपत बांठिया, सीईटीपी अध्यक्ष रूपचंद सालेचा, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता मुकेश मीणा, महेंद्र श्रीमाल, जसवंत गोगड, भेरूलाल तातेड, शांतिलाल बालड, दत्ताराम खारवाल, रामकिशन अग्रवाल, कन्हैयालाल टावरी, राजेश पंजाबी, संदीप ओस्तवाल, रमेश भंसाली, गोविंद सिंह कालूडी ,मालाराम बावरी, मोतीलाल चोपडा एवं समस्त बालोतरा व्यापारी भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

मोहनगढ़ में अनुपमा जोरवाल ने निरीक्षण किया

जैसलमेर, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर अनुपमा जोरवाल ने मोहनगढ स्थित हैंडवर्क्स का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान जिला कलैक्टर अनुपमा जोरवाल ने पेयजल आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए गुणवत्ता, उपलब्धता एवं वितरण प्रणाली को सुदृढ बनाए रखने के निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर ने इस दौरान इंदिरा गांधी नहर एवं विभिन्न डिग्गियों में पेयजल की उपलब्धता की स्थिति का अवलोकन किया।

उन्होंने जैसलमेर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित पेयजल व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की।

इस मौके पर जिला कलैक्टर जोरवाल ने निर्देश दिए कि आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल की निर्बाध एवं नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में पेयजल की कमी या वितरण में बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए जल स्त्रोतों की नियमित मॉनिटरिंग, पाइपलाइन व्यवस्था की समय पर मरम्मत एवं वैकल्पिक व्यवस्थाओं को भी सक्रिय रखा जाए।

पशु चिकित्सालय का भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ

फलोदी, (निसं)। फलोदी के राजकीय बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय का भूमि पूजन कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। भामाशाह गोपाल चाण्डक द्वारा 2.5 करोड रूपए के सहयोग से बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय का निर्माण करवाया जा रहा हैं। इस दौरान फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई, जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में गोपाल चाण्डक एवं उनके परिजनों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नींव रखी गई। कार्यक्रम में भामाशाह द्वारा भवन निर्माण की प्रक्रिया सम्बन्धी कार्यवाही तेजी से करवाएं जाने पर जिला प्रशासन व पशुपालन विभाग की सराहना की गई।

विधायक पब्बाराम विश्नोई ने भामाशाह गोपाल चाण्डक एवं उनके परिजनों को इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि भामाशाह के इस सहयोग को पीढयों तक याद रखा जायेगा एवं क्षेत्र के पशुओं को बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध होगी।

पशुपालन विभाग उप निदेशक डॉ. भागीरथ सोनी ने भामाशाह श्रीगोपाल चांडक एवं उनके परिजनों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि जिला मुख्यालय के आस पास 15० किलोमीटर तक इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह पशु चिकित्सालय जिला स्तरीय एवं आधुनिक सुविधायुक्त बनाया जायेगा।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी पूजा चौधरी, सर्किल इंस्पेक्टर रामेश्वर लाल,धनसुख टरू, गिरीराज व्यास ,पूरन व्यास, पवन व्यास, जितेन्द्र सहित पशुपालन विभाग के डॉ. दिनेश कुमार चौधरी,. डॉ. दिनेश मारुती , मांगीलाल, हुकुमाराम उपस्थित रहे।

मारू कुम्हार समाज जालोर का सामूहिक विवाह समारोह संपन्न

जालोर, (कासं)। श्रीयादे सेवा संस्थान जालोर के तत्वावधान में रविवार को आयोजित मारू कुम्हार समाज का तेरहवाँ सामूहिक विवाह समारोह बारह जोडों के परिणय सूत्र में बंधने के साथ सम्पन्न हुआ।

जालोर शहर के एक निजी रिसोर्ट में रविवार को प्रात: 7 बजे से ढोल व बैंड की धुनों के बिच बारातों के आने का सिलसिला प्रारम्भ हुआ। संस्थान के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर सभी बारातों का भव्य स्वागत किया गया।

आयोजनकर्ता ने बताया कि सभी बारातों का स्वागत करने के बाद पंच पटेलों द्वारा पडजोन की रस्म निभाई गई। वहीं सभी दुल्हों ने अपने सगे संबधियों के साथ तोरण बांध कर चवरी मंडप मे प्रवेश किया। आचार्य प. राकेश दवे के नेतृत्व में सभी पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फेरों की रस्म को अंजाम दिया। इस शुभ अवसर पर श्रीपति धाम के संस्थापक गोविन्दवल्लभ दास महाराज ने पहुंचकर वर-वधु को आशीर्वाद देकर उनके सुखी जीवन की कामना की। वहीं श्रीयादे सेवा संस्थान द्वारा लगातार तेहरवें साल सामूहिक विवाह आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं की सराहना की। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शरीक हुए। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने चंवरी मंडप में जाकर दूल्हे-दुल्हन को आशीर्वाद दिया। संस्थान के सदस्यों द्वारा उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाज बंधुओं को सम्बोधित करते हुए मंत्री कुमावत ने आयोजनों की महत्ती आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा व समर्पण भाव से ही आज तेरहवाँ सामूहिक विवाह का सफल आयोजन हो पाया है।

कार्यक्रम में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने भी आयोजन की सफलता की प्रशंसा की। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन से समाज में व्याप्त कुरीतियों पर अंकुश लगता हैं। समारोह में पंच पटेलों द्वारा पाट डोरिया व ढोल की रस्म के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। इस अवसर पर सभी भामाशाहों, सहयोगियों व समाज के सभी विशिष्ट जन का माला, साफा व स्मृतिचिह्न से अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के मंच संचालन में नरपत आर्य की मुख्य भूमिका रहीं। अंत में कन्यादान की सामग्री का वितरण कर बारातों को विदा किया गया। औरतों द्वारा विवाह के गीतों की धूम मची रही, वहीं ढोल की धाप पर बाराती खूब थिरके।

इस अवसर पर अध्यक्ष नरपतलाल आर्य, सचिव किशोर देवडा, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाडा, चम्पालाल देवडा, फुलाराम सियोटा, श्याम देवडा, महेन्द्र मेवाडा, ललित देवडा, शंकरलाल देवडा, सुरेश पोणेचा, मोहनलाल सियोटा, ओमप्रकाश आर्य, मनोज देवड़ा, हितेश माल, शान्तिलाल सियोटा, उत्तमचंद देवडा, मदनलाल मेवाडा, महेन्द्र राठौड, डायाराम बडवाल, भगवानाराम बडवाल, सुरेश बडवाल, गोकुलराम देवडा, नरेन्द्र सियोटा, अमृतलाल चान्दोरा, मुकेश देवड़ा, पुखराज टांक, शान्तिलाल पोणेचा, विक्रम देवडा सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चुनाव की तैयारी

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान बार काउंसिल के चुनाव संपूर्ण प्रदेश में एक साथ बुधवार 22 अप्रैल को होने जा रहे है। पाली जिला मुख्यालय पर निर्वाचन बूथ न्यूचैम्बर्स बिल्डिंग जिला न्यायालय परिसर में होंगे। चुनाव कार्यालय चैम्बर सं 101 में स्थापित किया गया है। पाली के चूनाव का मुख्य ज़िम्मेदारी संभाल रहे अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी पाली पी एम जोशी अध्यक्ष बार एसोसिएशन ने बताया कि जिला न्यायाधीश पाली राजेन्द्र कुमार द्वारा गठित टीम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश डॉ शरद तंवर,विशिष्ट न्यायाधीश अ जा/ज जाति राकेश गौरा, सी जे एम पाली ऋचा चौधरी के नियंत्रण, निर्देशन के तहत होने वाले मतदान के लिए उपखण्ड दण्डनायक पाली को अतिरिक्त ऑब्ज़र्वर नियुक्त किया गया है। तीन कार्मिक जिला प्रशासन से, दो जिला न्यायालय प्रशासन से,दो पुलिस कार्मिको की नियुक्ति की गयी हैं। एस डी एम द्वारा वीडियाग्राफी की व्यवस्था होगी। अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी जोशी द्वारा तीन उप निर्वाचन अधिकारी सुमेर सिंह राजपुरोहित, कमलेश दवेरा एवं उपाध्यक्ष जब्बर सिंह की नियुक्ति की गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी महैन्द्र सिंह मेड़तिया, गजेन्द्र सिंह मेड़तिया,लक्ष्मी नारायण, किरण मीणा, प्रकाश तलेसरा की नियुक्ति की गई। जोशी के अनुसार कुल 863 अधिवक्ता मतदान हेतु पंजीकृत है। जो 23 सदस्यों को एक साथ मतदान करेंगे।

बेटी के आशिक की धमकियों से परेशान पिता ने जान दी

जोधपुर, (कासं)। बेटी के आशिक की धमकियों से परेशान एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है।

राजीव गांधी नगर थाने में परिवाद के जरिए दी गई रिपोर्ट में मृतक के पुत्र ने बताया कि आरोपी उनकी बहन को भगाकर ले गए। इसके बाद भी उनके पिता को धमकाते रहे। जिससे मानसिक रूप से अवसाद में आ गए और उन्होंने सुसाइड जैसा कदम उठा लिया।

मृतक के पुत्र ने आरोप लगाया है कि बहन को भगाने की घटना के बाद बदनामी और दबाव के चलते उसके पिता ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर दो नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रिपोर्ट में युवक ने बताया कि उसका परिवार पिछले करीब 20 वर्षों से राजीव गांधी थाना क्षेत्र में रह रहा है। उसके पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे।

रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि आरोपी पहले मोहल्ले में रहता था और उसने परिवादी की बहन को बहला-फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फंसाने का प्रयास किया। जब इस बात का परिवार ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके पिता को कई बार धमकाया और बेटी को अपने साथ भेजने का दबाव बनाया।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने यहां तक कहा कि अगर बेटी को साथ नहीं भेजा तो मौका देखकर उसे उठा ले जाएंगे। परिवार ने सामाजिक बदनामी के डर से उस समय कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की।

रिपोर्ट के अनुसार, 16 सितंबर 2025 को जब परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे, तब आरोपी घर पहुंचा और उनके पिता को पिस्तौल दिखाकर डराया। इसके बाद बहन को जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गया और शाम को घर के बाहर छोड़कर चला गया। इस घटना के बाद पिता गहरे मानसिक तनाव में आ गए थे। उन्होंने रिश्तेदारों और परिवार के लोगों को घटना की जानकारी भी दी थी।

12 फरवरी 2026 को आरोपी अपने बहनोई और अन्य लोगों के साथ क्रेटा कार में जोधपुर पहुंचा और योजना बनाकर बहन को घर से भगा ले गया। आरोप है कि जाते समय घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी भी साथ ले गए।

पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना के बाद आरोपी और उसके साथी लगातार पिता पर दबाव बनाते रहे। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जाती थी और समाज में बदनाम करने की बात कही जाती थी। लगातार मिल रही इन धमकियों और मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर पिता गहरे अवसाद में चले गए और आखिरकार 6 मार्च 2026 को उन्होंने आत्महत्या कर ली।

पीड़ित ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ पहले भी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। उसे आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति बताते हुए कहा गया कि वह अवैध हथियार रखता है और डर का माहौल बनाकर परिवार को प्रताड़ित करता रहा। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जालोर चरखा संघ का अभ्यास शिविर संपन्न

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के शाह पूजाजी गेनाजी स्टेडियम में रविवार को चरखा संघ का पच्चीसवां चरखा अभ्यास शिविर को आयोजन हुआ।

चरखा संघ के संयोजक विनय व्यास ने बताया कि विरासत रूपी चरखे से सूत कातने की पारंपरिक कला को पुनर्जीवित कर आगे ब?ाने और गांधीवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जालोर चरखा संघ द्वारा जालोर जिला मुख्यालय स्थित शाह पुंजाजी गेनाजी स्टेडियम में 2 नवम्बर 2025 से प्रत्येक रविवार सुबह 7 बजे से 9 बजे तक साप्ताहिक दो घंटे का चरखा अभ्यास आयोजित किया जा रहा है। जालोर चरखा संघ द्वारा पच्चीसवां चरखा अभ्यास सम्पन्न हुआ प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले चरखा अभ्यास में लोगों की चरखे के प्रति जिज्ञासा और रुचि बढ रही है चरखा अभ्यास में चरखे से सूत कातने और सूत की माला बनाना सिखाया जा रहा है। अभ्यास में भाग लेने लोगों को आधुनिक फैशन की प्रचलन के खादी वस्त्रों को पहनने के लिये भी प्रेरित किया जा रहा है। गांधीवादी विचारक और जालोर चरखा संघ के मुख्य प्रशिक्षक जितेन्द्र कसाना द्वारा चरखा अभ्यास में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है

अभ्यास के दौरान विशेष रूप से पेटी-चरखा का उपयोग किया जा रहा है, जिसे 194० के दशक में महात्मा गांधीजी ने यरवदा जेल में डिजाइन किया था। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को किसान-चरखा, गांधी-चरखा, ट्रावेल -चरखा, बुक-चरखा और अम्बर-चरखा जैसे विभिन्न प्रकारों से भी अवगत कराया जा रहा है।

जम्मूतवी इलेक्ट्रिक इंजन से

जोधपुर, (कासं)। भगत की कोठी-जम्मूतवी-भगत की कोठी एक्सप्रेस अब इलेक्ट्रिक इंजन से संचालित की जाएगी। जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन संख्या 14803/14804 का संचालन भगत की कोठी से 20 अप्रैल 2026 तथा जम्मूतवी से 21 अप्रैल 2026 से इलेक्ट्रिक इंजन द्वारा शुरू कर दिया जाएगा। यह बदलाव रेलवे के विद्युतीकरण मिशन के तहत किया जा रहा है।

इलेक्ट्रिक इंजन के उपयोग से इस रेलसेवा में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक इंजन डीजल इंजनों की तुलना में अधिक शक्तिशाली होते हैं,जिससे ट्रेन की रफ्तार में सुधार होगा और यात्रा समय में कमी आ सकती है। साथ ही,संचालन लागत भी कम होगी,जिससे रेलवे को आर्थिक लाभ मिलेगा।

इस पहल से डीजल खपत में कमी आएगी,जिससे कार्बन उत्सर्जन घटेगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। जानकारी के अनुसार रेलवे का उद्देश्य आने वाले समय में अधिक से अधिक ट्रेनों को इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन में लाना है।

सम्मन बनाम मुद्दायलाह बिनावर कायमी तनकीयात
(ऑर्डर नियम 1 व 5 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत श्रीमान सहायक कलेक्टर महोदय-जालोर
इजलासब सहायक कलेक्टर, जालोर
मुद्दई-भगवानाराम सोलंकी वगैरह बनाम अशोक कुमार कलांवत वगैरा
दावा बाबत् विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा
मुकदमा संख्या- राजस्व वाद संख्या 105/2025
बनाम-मुसम्मी 2. कपुरामराम पुत्र भुबाजी, 3. कसुमदेवी पुत्री छोगालालजी, 4. गणेशाराम पुत्र पेलीयाजी, 5. गेरीदेवी पत्नी स्व. छोगालालजी, 6. गोपाराम पुत्र पेलीयाजी, 7. चुन्नीलाल पुत्र भुबाजी, 8. जोतीदवी पुत्री भुबाजी, 9. ताराराम पुत्र हंजीया, 10. तीजादेवी पत्नी पेलीयाजी, 11. देवाराम पुत्र पेलीयाजी, 12. नारायणलाल पुत्र छोगालालजी, 13. पेपीदेवी पुत्री हंजीया, 14. पारूदेवी पुत्री हंजीया, 15. फीलादेवी पुत्री छोगालालजी, 16. भीकीदेवी पुत्री छोगालालजी, 17. रतनलाल पुत्र छोगालालजी, 18. शंकरलाल पुत्र हंजीयाजी, 19. शीलादेवी पुत्री छोगालालजी, 20. सुकीदेवी पुत्री भुबाजी, 21. सणगीदेवी पत्नी भुबाजी, 22. सुमटीदेवी पत्नी हंजीयाजी, 23. साइतीदेवी पुत्री पेलीयाजी, 24. सीमादेवी पुत्री हंजीयाजी, 25. हीरीदेवी पुत्री छोगालालजी तमाम जातियान घांची निवासीगण डूडसी तहसील व जिला जालोर हरगाह कि वादीगण ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत् विभाजन एवं स्थायी निषेधाज्ञा का दायर किया है लिहाजा आपको ब-जरिये इस तहरीर के दावे की जवाब देही के लिये तारीख 16 माह 05 सन् 2026 को दिन के 11:00 एम बजे अदालत हाजा मे असालतन या मारफत ऐसे वकील के जो हालत मुकदमे के वाकिफ किया गया हो व कुल अभूर अदम मुताबिक जवाब दे सके, या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर रहने के लिये तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमला दस्तावेजात जिस पर आप अपनी जवाबदेही का साईद मे इस्तेमाल करना चाहता हो तो उस दिन पेश करो।
आगाह रहो कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हाजरी मे सुना व फैसला किया जायेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व अदालत के आज तारीख 15 माह 04 सन् 2026 को जारी किया गया।
सहायक कलेक्टर, (एस.डी.ओ.) जालोर